इंडक्शन प्रोग्राम

आईआईएम रांची में एमबीए, एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

रांची | आईआईएम रांची ने एमबीए, एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर बैच 2024-26 और पीएचडी बैच 2024-28 के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विवि के कुलपति स्वामी आत्मप्रियानंद व संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव के दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कुलपति ने नए स्टूडेंट्स से प्रबंधन शिक्षा के महत्व, बहु-विषयक दृष्टिकोण और छात्र-केंद्रित कौशल की आवश्यकता पर बातें कीं। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की सुविधा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नए छात्रों को एक-दूसरे और संस्थान से परिचित होने के लिए विभिन्न इंटरैक्टिव सत्र, टीम-निर्माण गतिविधियां और आइस-ब्रेकिंग सत्र को शामिल किया गया था।

Dainik Bhaskar_21.06.2024_Pg. 04

आईआईएम में एमबीए के नए विद्यार्थियों का स्वागत

आईआईएम रांची में गुरुवार को एमबीए के नए विद्यार्थियों का स्वागत हुआ। • हिन्दुस्तान

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम, रांची में गुरुवार को सत्र 2024-26 के एमबीए, एमबीए-बीए और एमबीए-एचआर बैच के विद्यार्थियों का स्वागत हुआ।

नए विद्यार्थियों के लिए उन्मुखी कार्यक्रम में उन्हें आईआईएम रांची के इतिहास और नियमों के साथ शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई। निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विवि के कुलपति स्वामी आत्मप्रियानंद ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वामी आत्मप्रियानंद ने भागवद् गीता से प्रेरणा लेते हुए पवित्रता, निस्वार्थता और सच्चाई के सिद्धांतों पर जोर दिया। प्रो दीपक श्रीवास्तव ने तार्किक तर्क, सामाजिक बुद्धिमत्ता और विभिन्न विषयों में ज्ञान को एकीकृत करने की क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला।

Hindustan_21.06.2024_Pg. 07